卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 248 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦19 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## कार के ब्रेक फेल, एक की मौत, छह घायल

भवाली(उद संवाददाता)। मंगलवार रात हल्द्वानी अल्मोड़ा नेशनल हाईवे पर सड़क एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि छह लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सड़क हादसा नैनीताल जिले के भवाली-गरमपानी, अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। मंगलवार रात हल्द्वानी से रानीखेत को जा रही एक कार के ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने से ड्राइवर कार पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। सड़क हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। गनीमत रही कि कार सड़क पर ही पलट गई। अगर कार खाई में गिरती तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो जाता। हादसे की सूचना मिलते ही खैरना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में 37 वर्षीय दिल्ली निवासी लक्ष्मण सिंह को अचेत अवस्था में (शेष पृष्ठ सात पर)



### बाइक खाई में गिरने से दो गंभीर

देहरादून(उद संवाददाता)। त्यूणी अटाल मोटर मार्ग पर दो बाइक सवार युवक मोटर साइकिल सहित पचास मीटर गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला। त्यूणी अटाल मोटर मार्ग पर देर रात्रि को यह हादसा हुआ। मोटर साइकिल पर सवार नशे में बताए जा रहे हैं। दोनों लोग बाइक सहित खाई में जा गिरे। बाइक के खाई में गिरने का पता लगते ही स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने तत्काल सड़क हादसे की सूचना एसडीआरएफ को दी। ग्रामीणों द्वारा सड़क हादसे की घटना की सूचना मिलते (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल

हरिद्वार(उद संवाददाता)। देहरादून के डोभाल चौक पर तीन लोगों पर गोलीबारी करके भागने के मामले में आरोपी दो युवकों को दून व हरिद्वार पुलिस ने देर रात बहादराबाद में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। दोनों बदमाश



पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में घायल हुए हैं, उन्हें रुड़की स्थित सिविल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हरिद्वार के एसएसपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैंटर की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की दर्दनाक मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गत सायं किच्छा रोड़ पर रोड क्रास कर रहे फैक्ट्री कर्मी को तेज गति से जाते कैंटर ने रौंद दिया। उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक चौकी रम्पुरा क्षेत्र दूधिया नगर निवासी 38 मुकेश पुत्र सोमपाल यहां इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित किसी फैक्ट्री में काम करता था। गत सायं वह फैक्ट्री से ड्यूटी करके टुकटुक से वापस भदईपुरा पहुंचा। बताया जा रहा है कि पैदल घर जाने को वह रात करीब पौने आठ बजे रोड क्रास कर रहा था तभी रुद्रपुर शहर की ओर से तेज गति से आ रहे कैंटर ने उसे रौंद दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। सूचना पर पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)



## पंतनगर पहुंचने पर हिमांचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का किया भव्य स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को निधरित समय प्रातः 9:20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से राज्यपाल महोदय ने अल्प विश्राम के उपरांत कार द्वारा नैनीताल के लिए प्रस्थान किया। महामहिम राज्यपाल महोदय के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



राज्यपाल महोदय को एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल 20 जून गुरूवार को 11:20 बजे राजभवन नैनीताल से कार द्वारा प्रस्थान कर 1:20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। राज्यपाल महोदय 2:20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट से विमान द्वारा आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## शिकायत लेकर आये पुलिसकर्मी पर बिफरे कोतवाल

### वीडियो बना रहे मीडिया से भी अभद्रता, मोबाइल छीना, पत्रकारों में रोष

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विभागीय वाहन को क्षति पहुंचाने वाले डम्पर स्वामी के विरूद्ध लिखित शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे विधि विज्ञान प्रयोगशाला के कर्मचारी को कोतवाल ने सरेआम बुरी तरह से हड़का दिया। इस दौरान कोतवाल के दुर्व्यवहार की वीडियोग्राफी कर रहे मीडियाकर्मी को भी कोतवाल ने नहीं बख्शा। कोतवाल के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ मीडिया कर्मी का मोबाईल छीन लिया बल्कि उसके साथ अभद्रता भी की। जिससे पत्रकारों में रोष है। बताया जाता है कि किच्छा बाईपास रोड़ पर (शेष पृष्ठ सात पर)

### पत्रकारों ने कोतवाल के खिलाफ सौंपी तहरीर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली परिसर में वीडियो बना रहे पत्रकार दीपक शर्मा से मोबाईल लेकर बनाई गई वीडियों को डिलीट करने का आदेश देने वाले कोतवाल के खिलाफ पत्रकारों के एक शिष्टमंडल ने एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात कर उन्हें तहरीर सौंपी। तहरीर में दीपक ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह न्यूज कवरेज के लिये कोतवाली गये थे, जहां एक हेड कांस्टेबल भूपेश मर्तोलिया अपनी परेशानी को लेकर कोतवाली आये थे। उनसे मुलाकात होने पर उनकी न्यूज कवरेज के लिये वह पूरे मामले की जानकारी वीडियो के माध्यम से अपने मोबाईल में कैद की तो अचानक कोतवाल धीरेन्द्र कुमार मौके पर आ गये और उनके हाथ से मोबाईल छीन लिया और मौके पर मौजूद एसएसआई दीपक कौशिक को देकर सब कुछ (शेष पृष्ठ सात पर)



## साईकिल सवार पर बाघ ने किया हमला, मौत

खटीमा (उद संवाददाता)।खटीमा वन रेंज के चकरपुर क्षेत्र में बाघ ने एक वृद्ध पर हमला कर दिया। हमले में वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभागने बाघ पर नजर रखने के लिए टीम लगा दी है। जानकारी के अनुसार चकरपुर प्लांटेशन निवासी 70 वर्षीय प्रेम चंद तड़के साईकिल पर अपने घर से बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। जब तक लोग मदद के लिए पहुंचते तब तक बाघ वृद्ध को मौत के घाट उतार चुका था। सूचना मिलने पर चकरपुर पुलिस चौकी के जवान व वन कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। (शेष पृष्ठ सात पर)



## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोलकाता चौकी पुलिस ने बलात्कार के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बलविन्दर सिह उर्फ सिकन्दर पुत्र स्वर्ण सिह निवासी वार्ड न0 17 बंगाली कालोनी पुलभट्टा पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित था। जिसकी की विवेचना उपनिरीक्षक रिनि चौहान द्वारा जा रही है । मामले में थानाध्यक्ष पुलभट्टा व उनकी टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी बलविंदर सिंह को गोला पुल कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह विष्ट, उपनिरीक्षक रिनि चौहान, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिह, कांस्टेबल चारू पन्त आदि शामिल थे।



## प्लांट लगाने के नाम पर 80 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मैट्रोपोलिस निवासी एक व्यक्ति से तेलंगाना हैदराबाद निवासी दो व्यक्तियों द्वारा किच्छा बाईपास रोड़ पर प्लांट लगाने के नाम पर 80 लाख से भी अधिक रूपये की धोखाधड़ी कर लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में गौरव लडवाल पुत्र स्व. नरेंद्र सिंह लाडवाल, निवासी मेट्रोपोलिस ने कहा है कि पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी निवासी एमएलए कॉलोनी, हैदराबाद, तेलंगाना को अर्क निकालने हेतु फैक्ट्री लगानी थी । वह दोनो दिल्ली और रुद्रपुर भी आये थे । उन्होंने यह दावा किया कि पी.एन.आर. रेड्डी कुशल तकनीकी विशेषज्ञ और अशोक रेड्डी को हर्बल फार्मा बाजार और एक्सट्रैक्शन उद्योग का ज्ञान है। बैठकों के दौरान रुद्रपुर ( औद्योगिक क्षेत्र, खसरा संख्या 0627, किच्छा बाईपास रोड) में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट लगाने के लिए राजी हो गये ।दोनों ने उसे भागीदार के रूप में कंपनी में शामिल होने के लिए सहमत कर लिया। प्लांट लगाने के नाम पर कुल 1.21 करोड़ रुपये स्थान्तरित किये गए। इसके बाद उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला विलायक निष्कर्षण संयंत्र खरीदने हेतु उस पर और सिद्धार्थ सिह पर धन जुटाने के लिए दबाव बनाया। दोनो किसा तरह लगभग 1.9 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया । ट्रिपल एलायंस बैंक खाते से लेनदेन की जांच करन पर पता चला कि पीएनआर रेड्डी ने बिना जानकारी के ट्रिपल एलायंस से एक कंपनी मैसर्स पॉवरथर्म को धनराशि हस्तांतरित की थी। हमें दिखाया गया कि 45 लाख रुपये (लगभग) की लागत वाले विभिन्न सहायक भागों को खरीदने के वर्क आर्डर विभिन्न विक्रेताओं को दिए गए थे। जब रेड्डी से कोटेशन, खरीद आदेश और चालान की प्रतियां मांगी, तो उन्होंने बहुत देरी के बाद कंपनी से संबंधित कुछ प्रतियां (शेष पृष्ठ 7 पर)

## फैक्ट्री के बाहर कर्मी से फोन व नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री के बाहर कुछ युवकों ने एक कर्मी से मारपीट कर उससे नगदी व फोन लूट लिया। घायल कर्मी ने चिकित्सालय पहुंचकर उपचार कराया और पुलिस को मामले की सूचना दी। मूल रूप से ग्राम बजरिया पूरनपुर पीलीभीत निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)



# रवि बडोला हत्याकांड में सभी सात आरोपितों को किया गिरफ्तार

देहरादून। डोभाल चौक पर हुए रवि बडोला हत्याकांड में फरार चार आरोपितों को भी पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। मुख्य आरोपित को पुलिस राजस्थान से पकड़कर लाई, जबकि दो अन्य आरोपितों को देर रात हरिद्वार में बहादराबाद के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों की टांग पर गोली लगी है। हरिद्वार पुलिस की मदद से दोनों आरोपितों की घेराबंदी की गई। इससे पहले राजस्थान में मुख्य आरोपित के साथ भी पुलिस की मुठभेड़ हुई। हत्याकांड के षड्यंत्र में शामिल एक अन्य आरोपित को देहरादून में गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ सभी सातों आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए हैं। रविवार रात नेहरूग्राम के पास डोभाल चौक पर प्रापर्टी डीलर रवि बडोला उर्फ दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उसके दो साथी सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी गोली लगने से गंभीर घायल हो गए थे। रवि बडोला की कार डोभाल चौक निवासी देवेंद्र शर्मा उर्फ सोनू भारद्वाज के घर पर जबरन गिरवी रखी गई थी। जिसे वापस लेने रवि बडोला अपने साथी सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी के साथ सोनू के घर पहुंचा। तभी सोनू भारद्वाज और उसके चार साथियों के साथ उनका विवाद हो गया। इस दौरान सोनू भारद्वाज और उसके साथियों ने फायर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ सोनू भारद्वाज, मोनू भारद्वाज, रामवीर, शंभू यादव, अंकुश, योगेश और मनीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।





सोनू भारद्वाज, उसके भाई मोनू शर्मा और शंभू यादव को पुलिस ने सोमवार को ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि रामवीर, अंकुश, मनीष और योगेश फरार हो गए थे। मंगलवार को पुलिस को मनीष कुमार सिंह निवासी ग्राम नारायणगढ़, रेवती जनपद बलिया उत्तर प्रदेश और योगेश निवासी ललसाना, गंगानगर मेरठ उत्तर प्रदेश के बहादराबाद में होने की सूचना मिली। देर रात हरिद्वार पुलिस के साथ दोनों की घेराबंदी कर ली गई। इस दौरान आरोपित मनीष और योगेश ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपितों की टांगों पर गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। आरोपितों का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। इससे पहले मुख्य आरोपित हिस्ट्रीशीटर रामवीर निवासी कासमपुर भूमा, मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को पुलिस की स्पेशल टीम ने राजस्थान के तलवार गांव थाना बेहरोल सदर जिला कोटपुतली से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि रामवीर सिल्वर कलर की कार में घटनास्थल से आशारोड़ी के लिए भागा था। जहां से वह पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर जंगल में घुस गया। वहीं घटना के षड्यंत्र में शामिल रायपुर निवासी अंकुश को भी पकड़ लिया गया। रामवीर मूल रूप से कासमपुर भूमा, मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह पहले भी देहरादून में हिस्ट्रीशीटर पंकज और विनय क्षेत्री हत्याकांड से सुर्खियों में रहा है। पुलिस ने अजबपुर निवासी विनय क्षेत्री की पत्नी के साथ ही रामवीर सहित चार लोगों को नामजद किया गया था। जेल जाने के बाद वह जमानत पर छूट गया था। इस दौरान वह देहरादून में प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त करने लगा। इसी दौरान नेहरू कालोनी क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर पंकज से भी उसकी दोस्ती हुई। धीरे-धीरे उसका पंकज से मन मुटाव होने लगा। कुछ वर्ष पूर्व रामवीर पंकज को साथ लेकर खतौली की तरफ गया था और रास्ते में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। रवि बडोला हत्याकांड के बाद आक्रोशित लोग रामवीर जैसे अपराधी को पैरोल पर छोड़ने का विरोध कर रहे हैं।

## प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड पर सीएम ने दिए बदमाशों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी में प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो टूक कहा कि बदमाश छोटा हो या बड़ा, किसी को देवभूमि का माहौल खराब करने की छूट नहीं दी जाएगी। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। बदमाशों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उनकी अवैध प्रॉपर्टी, कारोबार की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में बदमाशों के लिए कोई जगह नहीं है। बदमाशों से संबंध रखने वालों की जांच की जा रही है। कानून अपना काम कर रहा है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने बदमाशों को स्पष्ट चेतावनी दी कि वह देवभूमि छोड़ दें, अन्यथा सरकार को कड़ी कार्रवाई को बाध्य होना पड़ेगा। रायपुर का डोभाल चौक रविवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा था। गिरवी रखी कार को वापस लेने गए तीन लोगों को रिहायशी इलाके में बदमाशों ने गोली मार दी। इसमें एक व्यक्ति गोली लगने के बाद भागा और कुछ दूरी पर नाले में जा गिरा। रातभर पुलिस और परिजनों ने तलाश की। सात घंटे बाद सोमवार सुबह छह बजे उसका शव नाले से बरामद हुआ। इससे पहले दो घायलों को रात में ही अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था।

# हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग

## क्षेत्रवासियों और परिजनों का फूटा आक्रोश, घर पर किया पथराव

देहरादून। डोभाल चौक गोलीकांड में घायल सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। दोनों को श्री महंत इंदिरेश अस्पताल के आइसीयू में भर्ती किया गया है। डोभाल चौक क्षेत्र में हुए रवि बडोला हत्याकांड के विरोध में क्षेत्र के लोगों का गुस्सा दूसरे दिन फिर भड़क उठा। आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ वे सड़क पर उतर आए। उन्होंने हत्याकांड के आरोपित देवेंद्र कुमार उर्फ सोनू भारद्वाज के मकान को अवैध बताते हुए इसके ध्वस्तीकरण की मांग की। गुस्साई भीड़ ने भारद्वाज के घर पर पथराव किया और जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को वहां से खदेड़ा। गुस्साए लोगों ने छह नंबर पुलिया के पास सड़क भी जाम कर दी। इससे जगह-जगह वाहन फंस गए। डोभाल चौक के पास दिन भर तनाव की स्थिति बनी रही। क्षेत्रवासी देर रात तक धरने पर भी बैठे रहे। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी डोभाल चौक के पास एकत्रित हुए और सड़क पर जाम लगा दिया। उन्होंने पुलिस, प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। काफी देर सड़क जाम रखने के बाद भीड़ देवेंद्र कुमार उर्फ सोनू भारद्वाज के घर पहुंच गई। घर पर पथराव करने के बाद भीड़ मुख्य गेट तोड़कर अंदर घुस गई। वहां गमले और आसपास रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। तनाव बढ़ता देख पुलिस ने सड़क पर लाठियां फटकारी और धकेलते हुए भीड़ को



बाहर निकाला। आक्रोशित लोग भारद्वाज समेत अन्य आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की भी मांग रहे थे। इधर, आक्रोशित लोगों ने डोभाल चौक के पास सड़क जाम कर दी। इससे छह नंबर पुलिया से लेकर डोभाल चौक को जाने वाले मार्ग पर यातायात ठप हो गया और आसपास के मार्गों पर वाहन फंस गए। पुलिस ने यातायात सुचारु करने लिए मार्ग भी डायवर्ट किया, लेकिन रिंग रोड, जोगीवाला, फौवारा चौक से लेकर नेहरूग्राम क्षेत्र में जाम की स्थिति रही। इधर, उत्तराखंड बेरोजगार संघ, एनएसयूआइ और उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़े छात्रों और नेताओं ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने रवि बडोला को इंसाफ दिलाने के नारे लगाए। लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपित देवेंद्र शर्मा उर्फ सोनू भारद्वाज का मकान नाले की सरकारी जमीन पर कब्जाकर बनाया गया है। अवैध निर्माण बताते हुए मकान को ध्वस्त करने की मांग की गई। इस पर जिलाधिकारी सोनिका ने नगर आयुक्त को जांच के निर्देश दिए। दोपहर बाद नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने नाले में जमीन और भारद्वाज के मकान की पैमाइश की। टीम ने कहा कि नापजोख के बाद यदि निर्माण अवैध पाया जाता है तो इसका ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

# बारिश और आंधी तूफान का अलर्ट

देहरादून। मई-जून के लंबे इंतजार के बाद उत्तराखंड में आज तेज बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को प्रदेश भर में बारिश-तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से देहरादून समेत, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल और चंपावत जिले में तेज आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इन जिलों 80 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलेंगी। जबकि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में तेज गर्जन के साथ बारिश होने के साथ 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के आसार हैं। ऐसा ही हाल टिहरी और अल्मोड़ा जिले में रहेगा। प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के लिए प्री-मानसून की बारिश का होना बहुत जरूरी है, लेकिन इस सीजन में एक दो दिन को छोड़ बारिश न होने से रिकॉर्डतोड़ गर्मी दर्ज की गई। लेकिन 19 जून को होने वाली बारिश गर्मी से राहत दिलाने के साथ तापमान को भी कम करने का काम करेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्री-मानसून की बारिश में देरी होने से इस बार गर्म हवाओं ने ज्यादा दिन तक झुलसाया। प्रदेश भर में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हो सकती है। निदेशक मौसम विज्ञान केंद्र बिक्रम सिंह के अनुसार 60 से 70 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने से कुछ इलाकों में पेड़ गिर सकते हैं। तेज बारिश होने से कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन सकती है। इसके अलावा बारिश होने से मैदान से लेकर पहाड़ तक के तापमान में गिरावट आएगी।

# ज्वेलरी शॉप में लूट का प्रयास, कारोबारी ने दिखाया साहस

हरिद्वार। हरिद्वार में बदमाशों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला कनखल थाना क्षेत्र का है। जहां दिनदहाड़े दो बदमाश लूट के प्रयास में ज्वेलरी शॉप में घुस गए। इस दौरान कारोबारी ने साहस दिखाया तो बदमाश कारोबारी पर तमंचे के बट से हमला कर फरार हो गए। घटना मंगलवार की है। मिली जानकारी के अनुसार कनखल थाना क्षेत्र के पंजनहेड़ी गांव में सड़क किनारे एमके ज्वेलर्स के नाम से एक दुकान है। तीन नाकाबपोश बदमाश बाइक पर सवार होकर दुकान के बाहर पहुंचे। उनमें से एक



बदमाश बाइक पर ही खड़ा था और दो दुकान के अंदर घुस आए और दुकान का शटर नीचे डाल दिया।एक बदमाश ने तमंचे से कारोबारी को डराने का प्रयास किया। तभी दूसरे ने कारोबारी पर तमंचे के बट से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिससे कारोबारी घायल हो गए। बावजूद इसके कारोबारी ने हिम्मत दिखाई और बदमाशों का विरोध करने लगे। कारोबारी का साहस देख बदमाश दुकान से फरार हो गए। मामले को लेकर कारोबारी ने जगजीतपुर चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महानगर कांग्रेस ने कुष्ठ आश्रम में बांटे फल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट (एडवोकेट) के नेतृत्व में कुष्ठ आश्रम, राजपुरा पहुँच 45 परिवारों को फल देकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन हर्षोल्लास संग मनाया। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट एडवोकेट ने कहा कि गरीबों और वंचितों के हक की हर लड़ाई और हर संघर्ष के सहभागी जननायक राहुल गांधी का 55वा जन्मदिन है और हम सब हल्द्वानी कांग्रेसजन उनके स्वस्थ्य सुखी दीर्घायु जीवन की कामना करते है।जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने कहा कि हम सब कांग्रेसजन ईश्वर से जननायक राहुल गांधी के दीर्घायु निरोगी जीवन की कामना करते है। पूर्व मंत्री सुहैल सिद्दीकी, युवा नेता हेमन्त साहू, मनोज बिष्ट, राजो टंडन, शशि आर्य, तलत एहतेशाम, विक्रम रंधावा, जगदीश चंद्रा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लाल सिंह पवार, अमित रावत, एडवोकेट कोमल जायसवाल, एडवोकेट धर्मवीर, छात्र नेता संजय जोशी, बबलू बिष्ट, सचिन वर्मा, गणेश टम्टा, सुमित कुमार, मन्नी गुजराल, शंकर कोहली, संजू उप्रेती, सुरेंद्र सिंह राणा आदि ने फल वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया और राहुल गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।



# किशोरी से जबरन शादी कर दुष्कर्म का आरोप, युवक को किया गिरफ्तार

पौड़ी। अस्पताल पहुंची एक किशोरी ने अपने साथ आए युवक पर जबरन शादी कर दुष्कर्म करने और मारपीट करने को लेकर जब डॉक्टरों को आपबीती बताई तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के साथ पहुंचे आरोपी को अस्पताल से ही गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवाड़ी ने बताया कि सोमवार को उक्त किशोरी थलीसैंण निवासी युवक के साथ हंस अस्पताल पहुंची थी। युवक उसके पास से कुछ मिनटों के लिए हटा तो उसने तुरंत डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों को आपबीती बता दी। बताया कि मैं 15 वर्ष की हूं, 30 वर्षीय युवक जबरन शादी कर मुझे अमृतसर से थलीसैंण ले आया। मुझसे रोज दुष्कर्म किया जा रहा है, विरोध करने पर मारपीट की जाती है। बताया कि मेरे माता-पिता का देहांत हो चुका है। मैं अपनी दादी और चाचा-चाची के साथ अमृतसर में रहती थी। दादी ने चार महीने पहले अमृतसर में ही मेरी शादी जबरदस्ती थलीसैंण के 30 वर्षीय युवक



से करा दी। शादी के कुछ समय बाद ही दादी का निधन हो गया। उसने बताया कि यहां लाकर मुझसे रोज दुष्कर्म किया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। डॉक्टरों ने तुरंत इसकी जानकारी अस्पताल के यूनिट हेड पंकज मोहन शर्मा को दी। उन्होंने तत्काल पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अस्पताल से ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना कोतवाली पौड़ी की महिला उपनिरीक्षक लक्ष्मी जोशी को सौंपी गई है। वहीं, किशोरी को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया गया है। अमृतसर में किशोरी की जबरन शादी चार माह पहले हुई थी। उसके बाद आरोपी उसे थलीसैंण ले आया और तभी से युवती का शारीरिक और मानसिक शोषण जारी था। मंगलवार को अस्पताल पहुंची किशोरी को जैसे ही मौका मिला उसने तुरंत डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों को आपबीती बता दी, जिसके बाद उसे चार माह से जारी प्रताड़ना से मुक्ति मिल गई।

# पीएसी जवान के भाई और मां के शव जंगल में मिले, आत्म हत्या की आशंका

रामनगर(उद संवाददाता)।पीएसी जवान के भाई और मां की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। दोनों के शव पीरूमदारा के पास जंगल में बरामद किये गये। शवों के पास जहरीला पदार्थ मिला है जिससे दोनों के जहर खाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह के चलते मां-बेटे ने जहर खाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अ नुसार नया झिरना प्लॉट नंबर 12 निवासी 65 वर्षीय नंदा देवी पत्नी स्व. जगत सिंह, उसका बेटा 42 वर्षीय सुरेंद्र सिंह मंगलवार की सुबह 10:30 बजे से लापता थे। शाम करीब पांच बजे पड़ोस में रहने वाली एक युवती शाहनत्थन पीर के पास के जंगल में आम तोड़ने गई थी। वहां उसने नंदा देवी और सुरेंद्र सिंह के शव देखे और तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर



ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका का छोटा बेटा पीएसी जवान देवेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचा। देवेंद्र वर्तमान में रुद्रपुर में तैनात है और पांच दिन पहले छुट्टी पर घर आया था। पीरूमदारा चौकी प्रभारी राजेश जोशी ने बताया कि पीएसी जवान का भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ था और अविवाहित था। दोनों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया । कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पीएसी जवान की पत्नी नया झिरना प्लॉट नंबर 12 में उसकी मां और भाई के साथ रहती थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीएसी जवान की मां की पुत्रवधु से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके चलते उन्होंने सोमवार से खाना नहीं खाया था। जिस पेड़ के नीचे मां-बेटे के शव मिले हैं, वहां जहर की गोलियां भी मिली हैं। प्रथम दृष्टया मां-बेटे के जहर खाकर जान देने की बात सामने आ रही है। मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही चल सकेगा।






# सुजीत मंडल के शोध पत्रों का नेशनल तथा इंटरनेशनल स्तर पर हुआ चयन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पीएचडी स्कॉलर सुजीत मंडल के शोध पत्रों का नेशनल तथा इंटरनेशनल स्तर पर चयन हुआ है। गुरुग्राम के सुजीत मंडल अंग्रेजी विषय से एम. डी. यूनिवर्सिटी के पीएचडी के शोधार्थी है। उन्होंने जुलाई 2022 में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस पेपर टाइटल 'सप्रेशन एंड पेन इन द लाइफ ऑफ ए वोमन' पर शोध प्रस्तुत किए। कुमाऊं



विश्वविद्यालय नैनीताल से सम्बद्ध राजकीय डिग्री कॉलेज, सिसौना में आयोजित अप्रैल 2023 में नेशनल सेमिनार पेपर टाइटल षलिटरेचर एंड फॉक लिटरेचर इन उत्तराखंड'। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा अगस्त 2023 में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस पेपर टाइटल 'पेन एंड डिस्ट्रेस इन द लिटरेचर ऑफ शशि देशपांडे'। जे. एस. यूनिवर्सिटी में आयोजित दिसंबर 2023 में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में पेपर टाइटल सॉरी इन द इंग्लिश लिटरेचर। फरवरी 2024 में दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी डिग्री कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस पेपर टाइटल 'फेमिनिज्म एंड पेन इन द लिटरेचर ऑफ शशि देशपांडे'। विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अदिति दत्ता के मार्गदर्शन में सुजीत शोध कर रहा है। पीएचडी शोध कार्य के दौरान सुजीत ने नेशनल तथा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस व सेमिनार में प्रतिभाग कर यूजीसी केयर तथा पीर रिव्यूड जर्नल्स में कई शोध पत्र चुने गये है। इससे पूर्व एमफिल के रिसर्च के दौरान कई शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। सुजीत शक्तिफार्म क्षेत्र में पिछले 12 वर्षो से अंग्रेजी विषय में हाई स्कूल, इंटर तथा बी.ए. की कक्षाओं को अध्यापन करा रहे है।






# उत्तरकाशी में रात 10 से सुबह 4 बजे तक यातायात पर लगाई रोक

उत्तरकाशी। जनपद में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। आगामी मानसून सीजन में चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसी के साथ गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थायी पुलिस चौकी खोली गई है, जहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के सुरक्षित संचालन के लिए पूर्व में जारी विशेष कार्य योजना में आंशिक संशोधन किया गया है। नई एसओपी में रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में ऐसे यात्री वाहन जिनकी होटल बुकिंग होगी, उन्हीं को बैरियरों से आगे होटल तक भेजा जाएगा। जबकि रात 10 बजे बाद किसी वाहन को आगे नहीं भेजा जाएगा। सुबह 4 बजे के बाद ही यातायात पुन: संचालित किया जाएगा। बताया कि पूर्व में जारी एसओपी के अन्य बिंदु यथावत रहेंगे। एसपी ने बताया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थाई चौकी भी स्थापित कर दी गई है।

# बीकेटीसी अध्यक्ष को सोशल मीडिया पर मिल रही धमकी

देहरादून। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय को इन दिनों एक हिंदी फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं। वह फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर भी हैं। प्रसिद्ध अभिनेता अन्नू कपूर की फिल्म का ट्रेलर व टीजर रिलीज होते ही चर्चाओं में है। जनसंख्या वृद्धि पर आधारित इस फिल्म पर समुदाय विशेष के लोगों की ओर से आपत्ति जताई जा रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर खासा बवाल मचा हुआ है। फिल्म में अन्नू कपूर के अलावा पद्मश्री मनोज जोशी, अश्विनी कालसेकर, पार्थ समथान, पारितोष त्रिपाठी आदि ने अभिनय किया है। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर अजेंद्र अजय हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर गालीगलौच के साथ ही जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा है। अजेंद्र ने बताया कि 7 जून को फिल्म रिलीज होनी थी। लेकिन कानूनी दांवपेच के कारण रिलीज नहीं हो पाई है। जल्द ही फिल्म रिलीज करने की नई तिथि घोषित होगी।

# होटल में दिल्ली की युवती से दुष्कर्म

नैनीताल। दिल्ली निवासी युवती ने वहीं के युवक पर नैनीताल के होटल में नौकरी दिलाने के नाम पर उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को संबंधित थाने को हस्तांतरित कर दिया है। दिल्ली निवासी एक युवती ने कोतवाली में सौंपी तहरीर में कहा है कि बीते जनवरी में उत्तम नगर क्षेत्र में उसे एक युवक मिला। उसने नैनीताल के एक होटल में नौकरी दिलाने की बात कही। कुछ समय बाद दोबारा मुलाकात होने पर युवक ने चार अन्य युवतियों के साथ नैनीताल चलने की बात कही लेकिन युवक के साथ कोई अन्य युवती नहीं थी। आरोप है कि नैनीताल पहुंचकर युवक ने उसकी कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर होटल में बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया वीडियो भी बना लिया। इसके बाद युवक वीडियो के नाम पर उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। अब वह तीन लाख रुपये की मांग कर रहा है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उत्तमनगर दिल्ली निवासी नकुल कश्यप के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 285, 506 के तहत केस दर्ज किया गया है जिसे उत्तम नगर थाने को हस्तांतरित कर दिया गया है।

# कबीर जयन्ती पर रम्पुरा में होगा सामूहिक विवाह समारोह: ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संत शिरामणि कबीर दास जी की जयंती के उपलक्ष्य में रम्पुरा में सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पूर्व विधायक एवं व्यवस्था प्रमुख राजकुमार ठुकराल तथा कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली ने बताया कि 22 जून को सन्त शिरोमणि कबीर साहेब की जयन्ती पर जिला मुख्यालय की सबसे पुरानी प्राचीन बस्ती रम्पुरा में पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी 7 सात निर्धन कन्याओं का विवाह रम्पुरा के दुर्गामन्दिर के सम्मुख प्रागंण मे होगा। इस अवसर पर शिवमन्दिर चौरासी घण्टा में विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा। ठुकराल ने बताया कि पिछले वर्ष भी कबीर जयन्ती पर चार निर्धन कन्याओं



का विवाह आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इस वर्ष रम्पुरा बस्ती में बड़े धूम धाम से सात कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा। ठुकराल ने बताया कि शहर के दानदाताओं द्वारा इन सातों निर्धन कन्याओं को दान स्वरूप वाशिंग मशीन, एल. ई.डी. टीवी, साइकिल, बेड, ड्रेसिंग टेबिल कुर्सी मेज, समस्त बर्तन सैट, सिलाई मशीन, सीलिंग फैन, वाटर कूलर, प्रेशर कूकर, इलेक्ट्रीक प्रेस, गद्दे कपड़े के बैडशीट, अलमारी सेफ, ट्रंक बक्सा, डिनर सेट, आदि सामान दिया जाएगा। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता ,नत्थू लाल कोली,चंद्रपाल कोली, रामचरण कोली, अमर दास कोली ,पृथ्वीराज कोली, चंद्रकाली कोली,माया देवी कोली, नीतू कोली,ललित कोली,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# संत निरंकारी मिशन विभिन्न शाखाओं में योग दिवस पर आयोजित करेगा शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर 21 जून को संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्को में योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जायेगा। संत निरंकारी मिशन नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत कर्नल जसबिंदर सिंह ने बताया कि 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर संत निराकारी चैरिटेबल फाउंडेशन हल्द्वानी द्वारा योगा कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा हल्द्वानी में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक निरंकारी सेवा दलों के भाई बहनों के वोलनटि्यों द्वारा "करे योग रहे निरोग" को सार्थक करते हुए योगा करके शरीर को सवस्थ एंव सेहत मंद बनाये रखने का सन्देश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीआ जा सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं; ऐसे में योग, उनकी व्यस्तता से भरी हुई जिंदगी की एक ऐसी आवश्यक गतिविधि है जो उनको अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूर्णता से निभाने में सहायता करती है। उन्होंने यह भी बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकारी प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है।

# आवास विकास में अब टाईल्स की जगह सीसी रोड का होगा निर्माण

## विधायक के हस्तक्षेप के बाद सड़क को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य योजना से स्वीकृत आवास विकास जगतपुरा मोड़ से शिव शक्ति मंदिर होते हुए अटरिया मोड़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के निर्माण को लेकर चल रहा गतिरोध आखिरकार विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। लोक निर्माण विभाग इस सड़क को हॉट मिक्स या सीसी रोड बनाने के बजाय इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड बना रहा था, जिसका व्यापारी और स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे। विरोध के चलते निर्माण कार्य रूक गया था। विधायक ने अब इस सड़क को सीसी रोड बनाने का आश्वासन दिया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण इंटर लॉकिंग टाइल्स से करने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा मंगलवार शाम आवास विकास पहुंचे उन्होंने मौके पर सड़क को लेकर आ रही समस्या और लोगों की राय जानी। विधायक ने कहा कि आवास विकास की यह रोड बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका उपयोग बहुत बड़ी आबादी करती है ऐसे में यहां व्यापारी स्थानीय लोग जो आम सहमति बनाकर एक राय करेंगे उसको वो कराने का प्रयास करेंगे। सड़क की मौजूदा स्थिति व भविष्य में यहाँ किस प्रकार की रोड आमजन के लिए कामयाब हो सकती है उसको लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद सभी व्यापारी व नागरिकों ने विधायक शिव अरोरा के समक्ष उक्त मार्ग को सीसी रोड बनाने पर सहमति जताई। जिसपर विधायक शिव अरोरा ने लोनिवि



के अभियंता ओमपाल से दूरभाष पर वार्ता की और सड़क निर्माण मे आ रही समस्या को लेकर अवगत करवाया। विधायक ने कहा वह जनता के प्रतिनिधि है और जनभावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं ।यहाँ की जनभावना सीसी सड़क निर्माण के पक्ष में है। ऐसे मे इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण उचित नहीं होगा। विधायक ने अभियंता को इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण का प्रस्ताव कैंसिल कर इसके स्थान पर सीसी रोड का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह राज्य योजना की रोड है जिसका प्रस्ताव यहाँ से जाकर आगे की प्रकिया शासन स्तर से होती है। टाइल्स रोड के स्थान पर सीसी रोड का निर्माण कार्य को पास कराने में समय लगता है लेकिन वह स्वयं इसको शीघ्र अतिशीघ्र पास करवा कर इसको जल्द से जल्द कार्य आरम्भ कराने का प्रयास करेंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रोड निर्माण सबकी सहमति से हो ओर उच्च गुणवत्ता की बने इसको सुनिश्चित करवाया जायेगा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, न्यू वर्तमान पार्षद रमेश कल निमित्त शर्मा, भाजपा महामंत्री राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, सुनील आर्य, मानस जायसवाल,सुभाष अरोड़ा, पन्नालाल, राजकुमार मिड्ढा, अशोक चोपड़ा, यशपाल शर्मा, सुभाष गुंबर, आकाश रस्तोगी, सुमित अरोड़ा, सुरेंद्र मिड्ढा, मनोज छाबड़ा, सुभाष धमीजा, हैप्पी जुनेजा,राजीव मल्होत्रा पिंची, तिलक खुराना,अमित नारंग, सुनील आर्य, सुमित अग्रवाल, सत्यम अरोड़ा, दीपक कुमार, विपुल गंभीर, नितेश भगत, नितेश गुप्ता, रविंद्र वर्षणैय, मुकेश गुंबर, गुलशन बठला, उपाध्याय, सतीश छाबड़ा, राजीव कैमरा, विपुल गंभीर,मोहित चड्ढा, बिट्टू चौहान, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, व अन्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री टम्टा का चंपावत पहुँचने पर जोरदार स्वागत

टनकपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा का मंत्री बनने के बाद पहली बार जनपद चंपावत पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं





व स्थानी लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। जगबुड़ा पुल पर भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मला मेहरा की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बनबसा में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहां कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार का गठन पीएम मोदी के प्रति जनता का विश्वास व भरोसा है। प्रधानमंत्री द्वारा जो विभाग उन्हें दिया है उसके प्रति वह जिम्मेदारी से कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि आज जो विभाग उन्हें दिया है उसी सड़क परिवहन पर नितिन गडकरी के नेतृत्व में आलवेदर का निर्माण कर वह जीवनदायनी का कार्य कर रही है । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनके हर सुख दुख के वे साथी बने रहेंगे । बाद में केंद्रीय मंत्री द्वारा गंगा आरती में प्रतिभाग कर मां शारदा को नमन किया व आरती उतारी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, दीप पाठक, गोविंद सामंत, हेमा जोशी, दीपक भट्ट, दीपक रजवार, पूरन माहरा, मुकेश जोशी, कमलेश भट्ट, आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व अन्य लोगमौजूद थे।



# आबकारी अधिनियम के 136 मामलों में पकड़ी गयी शराब को किया नष्ट

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लंबित मालों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाने में वर्ष 2022 से लंबित आबकारी अधिनियम के मालो के निस्तारण के संबंध में न्यायालय से पत्राचार के बाद न्यायालय के आदेशानुसार माननीय न्यायालय द्वारा गठित संयुक्त टीम क्षेत्राधिकारी पंतनगर की अध्यक्षता में जे डी



लॉ उधम सिंह नगर तथा थाना अध्यक्ष दिनेशपुर के समक्ष थाना दिनेशपुर में वर्ष 2022 के आबकारी अधिनियम के 15 माल वर्ष 2023 के 75 माल मुकदमाती आबकारी के वर्ष 2024 के 46 माल मुकदमाती आबकारी के कुल 136 मालों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कर नमूना माल लेकर पंचनामा तैयार कर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

# कुमांऊ विश्वविद्यालय के दस सदस्यीय दल ने गदरपुर महाविद्यालय का किया निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए राजकीय महा विद्यालय गदरपुर की संवद्धता विस्तारण हेतु कुमांऊ विश्वविद्यालय की टीम द्वारा गठित 10 सदस्यीय निरीक्षक मंडल राजकीय महाविद्यालय गदरपुर पहुंचा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना ने प्रोफेसर एल.एल. जोशी के नेतृत्व में निरीक्षण मंडल का स्वागत किया। निरीक्षण मंडल द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय/ वाचनालय, कार्यालय एवं अध्ययन कक्षा- कक्षों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ. अर्चना वर्मा डॉ. प्रमोद वर्मा डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ.तनुजा परिहार, सुश्री प्रभजोत कौर एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में श्रीमती



शालिनी अग्रवाल, मो. ईलयास, श्री गौरव जोशी, मनोज पनेरु, मदन सिंह, एवं हिमांशु तिवारी उपस्थित रहे। प्रोफेसर चंद्रकला रावत द्वारा कुमाऊनी गुजराती और मराठी शब्दस्त्रोतीय- समानार्थी शब्दकोश की पांच प्रतियां महाविद्यालय पुस्तकालय को अनुदान में दी गयी। 10 सदस्य निरीक्षण मंडल में प्रोफेसर एल. एम. जोशी (अध्यक्ष), प्रोफेसर रजनीश पाण्डे, चन्द्रकला रावत ,सावित्री कैड़ा जंतवाल , कल्पना अग्रहरि,ज्योति जोशी, भीमा मनराल, पी.एस. बिष्ट, एन.एस. बनकोटी, लोनिवि के अधिशासी अभियंता विनोद आदि शामिल थे।

# कांग्रेस की नगर एवं ब्लाक इकाईयां भंग

रूद्रपुर। लोकसभा चुनाव में जिले में पार्टी के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी और प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति के बाद काशीपुर और रूद्रपुर महानगर को छोड़कर जिले की सभी नगर ब्लाक इकाईयों के साथ ही नगर पंचायतों में बनाई गई कमेटियां भी भंग कर दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी इकाईयों में जल्द ही कर्मठ और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपी जायेगी। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। पार्टी जनादेश को स्वीकार करती है और जो भी कमियां रह गयी है उन्हें दून किया जायेगा। आगामी निकाय चुनाव में गलतियों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए जिले भर में सभी इकाईयों के काम काज की समीक्षा की जायेगी। श्री गावा ने बताया कि पार्टी हाईकमान पूरे प्रदेश में पार्टी को नये सिरे से मजबूत बनाने के लिए रणनीति बना रहा है। इसी को देखते हुए काशीपुर और रूद्रपुर महानगर को छोड़कर जिले की सभी नगर एवं ब्लाक इकाईयों को भंग कर दिया गया है। इसके अलावा हाल ही में लोकसभा चुनाव से पहले नगर पंचायतों में बनाई गई कमेटियां भी भंग कर दी गयी है। भंग की गयी सभी इकाईयों का शीघ्र पुनर्गठन किया जायेगा।

# शबील लगाकर भीषण गर्मी से लोगों को दिलाई राहत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में आदर्श कालोनी स्थित समाधि स्थल श्री 108 बाबा समाधि स्थल पर हर वर्ष निर्जला एकादशी पर शबील लगायी जाती हैं इस बार भी लोगों को शरबत बांटकर भीषण हरिचंद मुंजाल ,महंगा राम मुंजाल ,आशीष मुंजाल ,सुषमा मुंजाल,रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल , मोनू मुंजाल, किशन सहगल बंटी सहगल, सुमित सहगल, जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल ,राम चंद भुड्डी गौरव





गोपाल सिंह जी महाराज में समाजसेवी अशोक मुंजाल एवं उनके परिवार की ओर से शबील लगाकर राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। बता दें गर्मी से राहत दिलायी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मुंजाल, आशीष मुंजाल,विक्की मुंजाल,हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल,परमानंद मुंजाल , राम चंद आहूजा , गौतम आहूजा ,शिव कुमार गुम्बर, सोनू गुंबर ,हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,प्रवीण अरोरा, सुरेंद्र फुटेला , राजेंद्र फुटेला,मनोज मुंजाल , भुड्डी, राजकुमार सीकरी, रोशन लाल तागरा, अशोक चोपड़ा मोहित चोपड़ा, आशा मुंजाल, हरवंश गुंबर, अशोक चोपड़ा,मोहित चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मणिपुर की शांति बहाली

मणिपुर में शांति बहाली को लेकर अब केंद्र सरकार कुछ गंभीर नजर आई है। गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में वहां सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जल्दी ही मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने का फैसला किया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया वहां हिंसा होते, मगर न तो केंद्र और न राज्य सरकार ने कोई उल्लेखनीय कदम उठाया। इसे लेकर लगातार दोनों सरकारों पर अंगुलियां उठती रही हैं। पिछले वर्ष मई में जब वहां हिंसा भड़की, तब सेना की गश्ती बढ़ा दी गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि हिंसा पर एकदम से काबू पा लिया गया था। मगर फिर महीने भर के भीतर ही फिर से हिंसा भड़क उठी थी। उसके बाद उस पर काबू पाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उपद्रवियों ने पुलिस शस्त्रागार से बड़े पैमाने पर हथियार लूट लिए, दोनों समुदाय घात लगा कर एक-दूसरे पर हमले करने लगे थे। उस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने वहां का दौरा किया था। तब भी उन्होंने हिंसा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी, लूटे गए हथियार वापस करने का आह्वान किया था, मगर उसका कोई खास असर नहीं हुआ। तब से जैसे वहां के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केंद्र सरकार ने कोई कड़ाई नहीं दिखाई। इसका नतीजा यह हुआ कि बहुत सारे घर जला दिए गए, पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया, साठ हजार से ऊपर लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रह रहे हैं, दो सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं, कई महिलाओं से सामूहिक बलात्कार किया गया, कुछ को निर्वस्त्र घुमाया गया। इन सबके बावजूद सरकारें तमाशबीन बनी रहीं। प्रधानमंत्री पर आरोप है कि वे आज तक मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। इस स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच समिति गठित की और राज्य पुलिस को कड़ी चेतावनी दी। मगर उसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा नहीं निकल पाया है। अभी स्थिति यह है कि इंफल से ऊपर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोग खुद अपनी सुरक्षा चौकियां बना कर पहरेदारी करते हैं। राहत शिविरों में रह रहे लोगों को न तो ढंग का भोजन मिल पाता है, न पीने का पानी, न स्वास्थ्य सुविधाएं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सब कुछ बाधित है। इस तरह एक पूरे राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ देना किसी भी कल्याणकारी सरकार की जवाबदेही पर स्वाभाविक ही सवाल खड़े करता है। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी कुछ दिनों पहले सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की। शायद उसी का असर हो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर की सुरक्षा को लेकर फिक्र जताई है। लोकसभा चुनाव में मणिपुर के हालात की अनदेखी के नतीजे भी सामने हैं। विपक्ष उसे लेकर लगातार सत्तापक्ष को घेरता रहा है। नई सरकार में अब विपक्ष इसे और मजबूती के साथ उठाता, इसलिए भी संसद का सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने मणिपुर पर बैठक बुलाई और कड़ाई से पेश आने का आश्वासन दिया।

# 'कृत्रिम बारिश' की तकनीक

भारत में ही नहीं, समूचे एशिया में तापमान आसमान को छू रहा है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'उष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ दिन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में षहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है। अतएव हमें अपने महानगरों को जलवायु के अनुरूप बनाने होंगे। उसके लिए बहुमंजिली इमारतों पर वर्टिकल स्थिति में खेती करनी होगी।इससे तात्कालिक छुटकारे के लिए कृत्रिम बारिश के उपाय भी किये जा रहे हैं। कुछ समय पहले गर्मी से तपते दुबई में ड्रोन के जरिए बादलों को बिजली के झटके देकर बारिश कराई गई थी। हालांकि यह बारिश कराने की नई तकनीक है। इसमें बादलों को बिजली का झटका देकर बारिश कराई जाती है। इसके प्रभाव से बादलों में घर्षण होता है और बारिश होने लगती है।लेकिन दुबई में बिजली का कुछ ज्यादा झटका लग गया, नतीजतन दुबई और आसपास के शहरों में ऐसी जमकर बारिश हुई की बाढ़ का सामना करना पड़ गया। अतएव कृत्रिम बारिश खतरनाक भी साबित हो सकती है यह पहली बार पता चला! गर्मी से तपते संयुक्त अरब अमीरात ने द्रोण के जरिए बादलों को पहले कृत्रिम मेधा से इलेक्ट्रिक चार्ज किया गया था। हालांकि दुबई और उसके आसपास के शहरों में हुई कृत्रिम बारिश बिल्कुल नई तकनीक से कराई गई थी। इसमें द्रोण का प्रयोग हुआ था। दरअसल यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के वैज्ञानिक इस पर पिछले कुछ समय से काम कर रहे थे। हालांकि इस तरह से बारिश कराना बेहद महंगा है। कृत्रिम बारिश के अन्य तरीकों में पहले कृत्रिम बादल बनाए जाते हैं और फिर उनसे बारिश कराई जाती है। चीन ने इस तकनीक से बारिश करने में



महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। पांचवें दशक में वैज्ञानिकों ने प्रयोग करते हुए महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कृत्रिम बारिश कराई थी। दिल्ली में इसी साल शीत ऋतु में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश की तैयारी कर ली गई थी,लेकिन संभव नहीं हुई।भारत में कृत्रिम बारिश की शुरुआत 70 साल पहले हुई थी। तब कृत्रिम बारिश के जाने माने मौसम विज्ञानी एसके चटर्जी की अगुवाई में गैस के गुब्बारों से बारिश कराई गई थी। कृत्रिम बारिश करना एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है इसके लिए पहले कृत्रिम बादल बनाए जाते हैं।पुरानी और सबसे ज्यादा प्रचलित तकनीक में विमान या रॉकेट के जरिए ऊपर पहुंचकर बादलों में सिल्वर आयोडाइड मिला दिया जाता है। सिल्वर आयोडाइड प्राकृतिक बर्फ की तरह ही होती है।इसकी वजह से बादलों का पानी भारी हो जाता है और बरसात हो जाती है।कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि कृत्रिम बारिश के लिए बादल का होना जरूरी है। बिना बादल के क्लाउड सीडिंग नहीं की जा सकती है। बादल बनने पर सिल्वर आयोडाइड का छिड़काव किया जाता है। इसकी वजह से भाप पानी की बूंदों में बदल जाती है और इनमें भारीपन आ जाता है।फिर गुरुत्वाकर्षण बल की वजह से ये धरती पर गिरने लगती हैं ।वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के 56 देश क्लाउड सीडिंग का प्रयोग कर रहे हैं ।इस तरह की बारिश का पहला प्रयोग फरवरी 1947 में ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट में किया गया था। इसे जनरल इलेक्ट्रिक लैब ने अंजाम दिया था। छठे और सातवें दशक में अमेरिका में कई बार कृत्रिम बारिश करवाई गई।ययदातार मामलों में कृत्रिम बारिश सूखे की समस्या से बचने या फिर गर्मी से राहत के लिए की जाती है। चीन ने 2008 में ओलंपिक खेलों के लिए बारिश के खतरे को टालने हेतु कृत्रिम बारिश कराई थी। यह प्रयोग 21 मिसाइलों को आसमान में उमड़े बादलों पर दाग कर अंजाम तक पहुंचाया गया था।नतीजतन खेलों से पहले खूब बारिश हो गई थी।और खेलों के समय प्राकृतिक बारिश का खतरा टल गया था। लखनऊ और महाराष्ट्र में भी कृत्रिम बारिश की तकनीक अपने जा चुकी है। लेकिन प्रदूषण से निपटने के लिए किसी बड़े भूभाग में इसका प्रयोग अब तक संभव नहीं हो सका है। हालांकि भारत में कृत्रिम बारिश करने में योगदान आईआईटी से संबद्ध द रेन एंड क्लाउड फिजिक्स रिसर्च निरंतर दे रहा है।टाटा फर्म ने 1951 में वेस्टर्न घाट में कई जगहों पर इस तरह की बारिश कराई थी।फिर पुणे के रैन एंड क्लाउड इंस्टीट्यूट ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र कई इलाकों में ऐसी कृत्रिम बारिश कराई थी। 1993-94 में सूखे से निपटने के लिए तमिलनाडु में कृत्रिम बारिश ,2003-04 में कर्नाटक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से और वर्ष 2008 में आंध्र प्रदेश के 12 जिलों में कृत्रिम बारिश कराई गई थी। लेकिन ये उपाय अत्यंत महंगे होने के साथ नैसर्गिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले हैं।इसलिये इनका प्रयोग जितना कम हो उतना मानसून के लिए अच्छा है। भारत में जब समय पर पानी नहीं बरसता है तो पानी बरसाने के लिए तमाम टोने टोटके आजमाकर इंद्र और वरुण देव से वर्षा की प्रार्थना की जाती है।इंद्र और वरुण को ऋग्वेद में जल का संरक्षक माना गया है। खासतौर से ग्रामीण और किसानों को विश्वास है कि ऐसा करने से ये देव प्रसन्न हो जाते हैं और बारिश भी हो जाती है। हिंदू रीति-रिवाजों से मेंढ़क-मेंढ़की का विवाह करना है। यह विवाह वैदिक पद्धति से या तो किसी बड़े मटके में या फिर डलिया या भगोने में कराया जाता है। यदि किसी कुएं में पानी बिलकुल सूख गया है तो कुए में उतरकर भी विवाह कराया जाता है।मेंढक मेंढकी को नए वस्त्र और गहने पहनाए जाते हैं।पंडित मंत्रोच्चार कर सात फेरे भ कराते हैं।इस दौरान मंगल गीत भी महिलाएं गाती हैं।कुमारी कन्याओं को भोजन भी कराकर उन्हें दान दक्षिणा भी दी जाती है। उड़ीसा में तो मेंढ़कों का नाच तक करवाया जाता है। शिवलिंग को पूरी तरह से पानी में डूबोकर रखे जाने से अच्छी बारिश होने की मान्यता भी देश के एक बड़े भूभाग में है। मध्यप्रदेश के मालवा के निमाड में अच्छी बारिश के लिए जीवित व्यक्ति की शवयात्रा निकालने की लोक परंपरा है। बुंदेलखंड में अच्छी बारिश के लिए महिलाएं जंगल में जाकर लोक देवता के चबूतरे पर सत्यनारायण की कथा कर दाल बाती या शीरा पूड़ी बनक्सर खाते हैं। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अनेक ग्रामों में महिलाएं रात के समय खेतों में हल चलाती हैं। वेदों में बारिश के लिए यज्ञ करने की परंपरा है। इस यज्ञ में समिधा के जिन लकड़ियों का प्रयोग किया जाता है, उनसे निकलने वाले धुएं से सिल्वर आयोडाइड गैसें निकलती हैं, जो बादलों में रासायनिक क्रिया कर बारिश का कारण बनती हैं। हालांकि अब यज्ञ विधि बारिश के प्रयोग अपवाद स्वरूप ही देखने में आते हैं।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# प्रदेश में आयुष्मान योजना से लाभार्थी हो रहे वंचित

देहरादून। राज्य आयुष्मान योजना के तहत 30 लाख लाभार्थी मुफ्त इलाज से वंचित हैं। पांच साल बाद भी शत प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। बिना आयुष्मान कार्ड के किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं है। लाखों परिवार ऐसे लाभार्थी हैं, जिनके पास राशन कार्ड न होने के कारण योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2018 में प्रदेश के सभी 23 लाख से अधिक राशन कार्डधारकों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज देने के लिए आयुष्मान योजना शुरू की थी। योजना के तहत लगभग 82 लाख लाभार्थियों के कार्ड बनाए जाने हैं, लेकिन अभी तक 52 लाख लाभार्थियों के कार्ड बने हैं। राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत कर्मियों के कार्ड मिलाकर अब तक 56 लाख से अधिक कार्ड बन चुके हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड होना अनिवार्य है, लेकिन कई ऐसे परिवार हैं, उनके पास राशनकार्ड नहीं है। ऐसे परिवारों के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को आधार कार्ड या अन्य विकल्प पर विचार करने के निर्देश दिए थे। इस पर भी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। आयुष्मान योजना की अब तक की स्थिति के अनुसार आयुष्मान कार्ड-52 लाख, उपचारित मरीज-11.69 लाख, इलाज पर खर्च राशि-2342 करोड़ है। स्वास्थ्य मंत्री ध न सिंह रावत के अनुसार सभी लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयास कर रहा है। इसके लिए सभी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से शिविर भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन पात्र लाभार्थी पर कार्ड बनाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

# गौरी मुलेखी आचार्य प्रशांत के साथ पशु क्रूरता रोकने पर करेंगी चर्चा

ग्रेटर नोएडा(उद संवाददाता)। भारत में पशु कल्याण व पशु अधिकारों के क्षेत्र में सबसे सशक्त व सम्मानित नामों में शुमार गौरी मौलेखी 20 जून को प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत के साथ पशु क्रूरता, पशु संरक्षण समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा करेंगी। गौरी मौलेखी भारत के सबसे बड़े पशु कल्याण संगठन, पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) की ट्रस्टी हैं। हाल ही में उन्होंने संस्था से पशु अधिकारों और पशु



क्रूरता की स्थिति पर एक गहन चर्चा की थी। संस्था द्वारा गौरी को पशु क्रूरता पर चर्चा के लिए और इससे संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। 20 जून, रात 10 बजे के अनोपचारिक सत्र में गौरी आचार्य प्रशांत संग चर्चा में प्रतिभाग करेंगी। गौरी मौलेखी इस कार्य को काफी समय से कर रही हैं, इसलिए वे इस विषय में बहुत सी ऐसी बातें जानती हैं जो आपको चौंका देगी। चाहे वो केदारनाथ यात्रा में इस्तेमाल होने वाले घोड़ों के बारे में हो या दूध के लिये भैंसों के साथ किए जाने वाली हिंसा के बारे में, डेयरी उद्योग में पशुओं के साथ होने वाली हिंसा, मांस उद्योग और पशु अधिकार,केदारनाथ यात्रा में घोड़ों और खच्चरों का उपयोग पालतू पशुओं के प्रति क्रूरता और उनके अधिकार, वन्यजीवों के शिकार और उनका संरक्षण, पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता और चुनौतियाँ, पशु अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उपाय, सर्कस और चिड़ियाघरों में पशुओं की स्थिति समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी।

# धूराफाट क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल संकट

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद के धूराफाट क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है ग्रामीणों ने पेयजल संकट दूर किए जाने की मांग की है। वही पेयजल योजना में गावो के लिए बिछाई गई पाइप लाइन भी शो पीस बनकर रह गई है, क्षेत्र के सिया, रैखोली, नापातल, नन्दीगांव, बौडी, कभड़ा, कठपुड़िया,एरियागाड़, बोहाला असौ, पाना, सिमतोली,किसरोली, मल्लाकोट, तरमोली, घटगाड़,मयो चनबॉडी,सहित अन्य स्थानों में सरयू नदी से बनी पम्पिंग योजना में आए दिन खराबी और पम्पिंग में मुख्य टैंक तक पर्याप्त पानी नही पहुंच पाने से पेयजल उपभोक्ताओं को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, चौबीस घण्टे लगातार पम्पिंग योजना चालू रहने के बाद भी सभी गांवो के वितरण के लिए बनाया गया मुख्य टैंक पूरा नही भर पाने से लोगों को दूरस्थ श्रोतों से या गाड़ियों में पैसा देकर पानी भरना पड़ रहा है, लोग पानी नही आने की शिकायत जलसंस्थान से करते हैं, पर कोई भी सुध नही लिए जाने से लोगों में रोष है,लोगों ने इसके लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की है, लोगों का कहना है कि लोग जलसंस्थान को हर माह जलसंयोजन लेने के बाद महंगा बिल जमा करते हैं फिर भी उपभोक्ताओं को पानी की बूंद नसीब नही हो रही है,उपभोक्ता लगातार शिकायत कर पानी नहीं मिलने पर बिल नही देने, उपभोक्ताओं को पानी देने की बात कहते कहते थक गए हैं पर सुधलेवा कोई नही है।वही प्रचंड गर्मी में लोग दूषित और बासी पानी पीने को मजबूर हैं, वही पानी की कमी से लोगों के मवेशियों और नित्य जरूरी को भी भरपूर पानी नही मिल पा रहा है, पानी के अभाव में गर्मियों में मौसमी विमारिया फैलने का भय भी लोगों को सतल रहा है, जिनगांवो में प्राकृतिक श्रोत है वहा रात दिन पानी भरने के लिए लम्बी लाइनें लग रही हैं, लोग रतजगा कर पानी भर रहे हैं,वही अब प्राकृतिक जलस्रोत भी सूखने लगे हैं, लोगो ने जलसंस्थान पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पम्पिंग योजना में लाखों का बजट खर्च कर केवल दिखावा करने के आरोप लगाए है, वही क्षेत्र में कथित नेता लोगों को पम्पिंग में नोकरी देकर उनके द्वारा सब कुछ जानने के बाद भी कोई आंदोलन नही करने के आरोप लगाते हुए पम्पिंग योजना में रखरखाव में खर्च हुई राशि की जांच की मांग की है।क्षेत्र के दीवान सिंह असवाल,संतोष मेहता, भूपेंद्र सिंह,लक्ष्मण सिंह राजेन्द्र सिंह,गोविंद सिंह, कमला देवी, विमला देवी, शांति असवाल, पार्वती असवाल ने जिलाधिकारी से सरयू नदी में लगे पंप की गुणवत्ता ठीक नहीं होने, योजना के प्रमुख लिफट पंप के सही न होने के कारण पर्याप्त मात्रा में मुख्य वितरण टैंक तक पानी नही पहुँचने की शिकायत की है, वही मामले की जांच कराकर उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों के लिए इसकी जांच कराने की अपील की है।वही जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता सी एस देवड़ी ने बताया कि। क्षेत्र के लिए पानी का टैंकर भेजा गया है। वही बोहाला, असौ, पाना में कई उपभोक्ता पानी का टेंकर आने का इंतजार करते रहे।



# उपचुनाव मे जुटेंगे कांग्रेस के दिग्गज

देहरादून। उत्तराखंड में दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ी उम्मीदें हैं। लोकसभा चुनाव में हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस को मतदाताओं का जिस प्रकार भारी समर्थन मिला है, उससे पार्टी उत्साहित है। वहीं बदरीनाथ विधानसभा सीट दोबारा पाने के लिए पार्टी नई व्यूह रचना तैयार कर रही है। यहां भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेता क्षेत्र में डेरा डालेंगे और सत्ताधारी दल की कठिनाइयां बढ़ाने के लिए एकजुट होकर चुनाव प्रचार भी करेंगे। पार्टी हाईकमान ने प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं से एकजुट होकर उपचुनाव में जुटने की अपेक्षा की है, ताकि भाजपा की चुनौती से निपटा जा सके। माना जा रहा है कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं गढ़वाल संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी रहे गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह बदरीनाथ के साथ ही मंगलौर सीट पर भी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते दिखाई देंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एकजुट होकर उपचुनाव में कांग्रेस



प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी शक्ति लगाएंगे। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस का मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल भाजपा से है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में यह सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। लोकसभा चुनाव के अवसर पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी भाजपा में सम्मिलित हो गए। यह सीट रिक्त होने से कांग्रेस को विधानसभा में एक सीट से हाथ धोना पड़ा है। यही कारण है कि इस सीट पर उपचुनाव को पार्टी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाए हुए है। भाजपा ने इस सीट से पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी को चुनाव मैदान में उतारा है। भंडारी के साथ ही कांग्रेस में उनके साथ कार्यकर्ताओं की टीम भी भाजपा में जा चुकी है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस सीट पर प्रत्याशी के चयन में जातीय और स्थानीय समीकरण का पूरा ध्यान रखा, ताकि भंडारी को चुनौती दी जा सके। कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं कुछ समय के लिए अध्यक्ष भी रह चुके हैं। भंडारी के कांग्रेस में सम्मिलित होने के बाद से ही बुटोला विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाए हुए थे। यद्यपि, लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को पछाड़ने में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली थी। उपचुनाव में जीत के समीकरण अपने पक्ष में मोड़ने के लिए वरिष्ठ नेताओं को मोर्चे पर लगाने की तैयारी है। इससे विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी कार्यकर्ताओं की टीम भी खड़ी की जा सकेगी।

# भीषण गर्मी से राहत लेने सैलानी पहुंच रहे मसूरी

देहरादून। अपने ठंडे मौसम के लिए मशहूर पहाड़ों की रानी मसूरी इन दिनों भीषण गर्मी का सामना कर रही है। मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी मसूरी पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां भी उन्हें गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार दोपहर में तेज धूप के कारण मालरोड जैसी व्यस्त सड़क पर भी सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का जो पर्यटक दिखे भी वह गर्मी से परेशान रहे। घरों में लोगों ने पंखों-कूलरों का सहारा लिया। दिन में तापमान बढ़ने के साथ ही रात के न्यूनतम तापमान में भी काफी इजाफा हुआ है। हालांकि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 19 जून के बाद बारिश होने से तापमान में कमी आएगी। वहीं, शहर में बढ़ रहे तापमान पर पर्यावरणविदों ने चिंता जातई है। उधर, दिन में भले ही सड़कों पर सन्नाटा हो, लेकिन सुबह और शाम शहर की सड़कों पर आए दिन लग रहे ट्रैफिक जाम से पर्यटक हलकान हैं। विभिन्न चौराहों पर बार- बार जाम लगने से पर्यटकों का आधा समय रास्ते में ही निकल जा रहा है, ऐसे में पर्यटन स्थलों पर घूम भी नहीं पा रहे हैं। शहर में हर दिन सड़कों पर



वाहनों की लंबी कतार लग रही है। मालरोड में हर दिन लंबी लाइन लग जाती है। इससे पैदल चलने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांधी चौक, कैंपटी रोड, किंग्रेग मार्ग, पिक्चर पैलेस, लंढौर मार्ग सहित विभिन्न चौक चौराहों पर बार-बार वाहनों की लंबी लाइन लगने से पर्यटक परेशान हैं। शहर कोतवाल अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि सभी चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस, पीएसी और ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। जाम लगने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुचारू करती है।

# आइडीपीएल फैक्ट्री के गोदाम में लगी भीषण आग

ऋषिकेश। बंद पड़ी आइडीपीएल फैक्ट्री के समीप झाड़ियों में भीषण आग लग गई जो आइडीपीएल परिसर में स्थित गोदाम तक पहुंच गई है। देर रात तक दमकल की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी थी। किसी ने संस्थान के बाहर झाड़ियों में आग लगाई या आग स्वयं लगी यह जांच का विषय है। क्योंकि इससे पूर्व भी यहां पर आग लगने की घटनाएं हो चुकी है। बता दें कि फैक्ट्री के भीतर अभी भी कीमती मशीन लगी हुई है। मंगलवार देर सायं अचानक आइडीपीएल गोल चक्कर के समीप आइडीपीएल फैक्ट्री के पास की स्थित जंगल की झाड़ियों में आग लग गई। यह आग देखते ही देखते फैक्ट्री परिसर तक पहुंच गई। सूचना पाकर दमकल दस्ता मौके पर पहुंचा। कई फायर टेंडर की मदद से आग को बुझाने के प्रयास किए । आग लगने से आइडीपीएल फैक्ट्री के आसपास धुएं का गुबार बन गया। वन विभाग, पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीमें भी देर रात तक मौके पर तैनात थी। आइडीपीएल फैक्ट्री लंबे समय से बंद पड़ी है। आइडीपीएल परिसर को वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि फैक्ट्री की सुरक्षा के लिए यहां सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। ऐसे में फैक्ट्री के समीप भीषण आग लगने से कई सवाल भी उठ रहे हैं। फैक्ट्री के भीतर अभी भी कीमती मशीनें तथा माल पड़ा हुआ है। पहले भी यहां चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बता दें कि दो दिन पूर्व भी फैक्ट्री के पिछले हिस्से में आग लगी थी।

# फिर जले अल्मोड़ा के जंगल

अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर के स्यालीधार, मनान और डोलीडाना के जंगलों में आग धधक गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। नगर के नजदीक स्यालीधार, डोलीडाना और सोमेश्वर के मनान के जंगल में बीते सोमवार देर शाम आग लग गई। कुछ ही देर में जंगल के बड़े दायरे को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इन घटनाओं



में वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्यालीधार और डोलीडाना के जंगल में लगी आग पर काबू पाया। वहीं मनान के पास जंगल पूरी रात सुलगता रहा। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि टीम तत्परता से जंगलों की आग बुझाने में जुटी है।

# एम्स में भर्ती घायलों के परिजनों से मिले वन विभाग के अधिकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर विशेष सचिव (मुख्यमंत्री) डॉ. पराग मधुकर धकाते और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा ने अल्मोड़ा के बिन्सर वन्यजीव विहार में वनाग्नि हादसे में गम्भीर रूप से घायल कृष्ण कुमार, कुन्दन सिंह नेगी, कैलाश भट्ट व वाहन चालक भगवत सिंह भोज से नई दिल्ली एम्स पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान अधिकारियों ने चिकित्सकों से घायलों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात कर हालचाल जाना और उन्हें अवगत कराया कि घायलों के उपचार का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने परिजनों को बताया कि राज्य सरकार वनकर्मियों के परिजनों के साथ हर मानवीय पहलू पर सदैव खड़ी रहेगी। बातचीत के दौरान घायलों के परिजनों ने अधिकारियों से कहा कि वे राज्य सरकार द्वारा की गई रहने की व्यवस्था और पीड़ितों के उपचार से सन्तुष्ट हैं।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

किच्छा(उद संवाददाता)। मोटरसाइकिल चोरों द्वारा आवास विकास से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी है। दी गई तहरीर में हरिओम शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी आवास विकास ने बताया कि उसकी मोटर साइकिल संख्या यूए06एफ-6802 घर के बाहर रोड पर खड़ी थी। कल शाम आठ बजे के आसपास जब उसने घर के बाहर बाहर आकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सोनू व पुत्रवधू श्रीमती साबरा पत्नी सोनू आये दिन घर में झगड़ा करते हैं। जिस कारण मैंने पुत्र सोनू व पुत्र वधू श्रीमती साबरा से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र सोनू व पुत्रवधू श्रीमती साबरा द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**अकील खान पुत्र श्री याकूब खान**
**निवासी-प्रीत विहार कालोनी, फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

# गंगा में बहा हरियाणा का किशोर

ऋषिकेश । ऋषिकेश में थाना मुनि की रेती क्षेत्र स्थित ओशो आश्रम से आगे मैगी प्वाइंट के पास हरियाणा का एक किशोर गंगा में स्नान के दौरान बह गया। थाना पुलिस की मदद से एसडीआरएफ ढालवाला की रेस्क्यू टीम किशोर की तलाश में जुट गई है। एसडीआरएफ ढालावाला निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह की है। सुबह करीब 10.30 बजे ओशो आश्रम से आगे मैगी प्वाइंट के पास ग्राम टिकरी ब्राह्मण जिला पलवल हरियाणा निवासी उमेश कुमार (14) पुत्र हुकुमचंद अपने गांव के बलदेव सिंह पुत्र राम सिंह के साथ संत श्री आसाराम आश्रम ब्रह्मपुरी में आए थे। आश्रम के नीचे गंगा नदी में नहाते समय किशोर गंगा के तेज बहाव में बह गया है। किशोर के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

# मुख्य बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर में वाहन चोरों के हौसले बुलद हो रहे हैं। अज्ञात वाहन खेरों ने विगत रात्रि मुख्य बाजार में घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। रजत अरोरा पुत्र पुरूषोत्तम अरोरा निवासी हरी मन्दिर गली मेन मार्केट का कहना है कि 13 जून की रात्रि करीब दो बजे उसकी बाईक संख्या यूके 04 एजे 3911 घर के बाहर लॉक करके खड़ी हुई थी । सुबह उठकर देखा तो उसकी बाईक अपने स्थान पर मौजूद नही थी । बाईक की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल पाया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर ज्ञात हुआ कि दो अज्ञात लोग बाईक को चोरी कर ले गये है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

## पेज एक का शेष...

**कार के ब्रेक फेल..**स्थानीय लोगों की मदद से गरमपानी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. डॉक्टर ने लक्ष्मण सिंह को मृत घोषित कर दिया। हादसे में सितारगंज निवासी वाहन चालक 47 वर्षीय त्रिलोक सिंह, उनकी 35 वर्षीय पत्नी उमा बिष्ट, 16 वर्षीय पुत्र श्रेष्ठ, 13 वर्षीय पुत्र त्रिलोक, 30 वर्षीय निशा सिंह और 6 वर्षीय नियान सिंह बाल-बाल बच गए. ये लोग घायल हुए हैं। सभी लोग दिल्ली में व्यापार करते हैं। परिवार सहित दिल्ली से रानीखेत घूमने के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ है। हादसे का कारण कार का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

**बाइक खाई में गिरने...**ही एसडीआरएफ की त्यूणी पोस्ट से हेड कांस्टेबल राहुल शर्मा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल रात के अंधेरे में ही खाई में उतरकर दोनों घायल युवकों को सकुशल रेस्क्यू कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। घायलों को मुख्य मार्ग पर लाकर 108 एम्बुलेंस से त्यूणी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि देर रात दो युवकों को घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने बताया कि दोनों युवक नशे की हालत में थे। उनका उपचार किया जा रहा है। घायल किशन लाल और राजेश निवासी रौनहाट हिमाचल प्रदेश के हैं। एक युवक के पैर में अधिक चोटें आई हैं। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

**मुठभेड़ में दो...**परमेंद्र डोभाल उन्हें देखने चिकित्सालय पहुंचे। हरिद्वार और देहरादून पुलिस ने मिलकर यह जॉइंट ऑपरेशन किया, दोनों घायल बदमाशों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ दोनों का चल रहा है इलाज, देहरादून में कुछ दिन पहले प्रॉपर्टी विवाद में हुए हत्याकांड में शामिल बताए जा रहे हैं। बदमाशों की पहचान मनीष कुमार सिंह ग्राम नारायणगढ़ थाना रेवती जनपद बलिया उत्तर प्रदेश और योगेश निवासी ललसाना थाना गंगानगर मेरठ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई हैं। पुलिस और बदमाशों के बीच दोनों तरफ से फायरिंग हुई बाद में पुलिस ने दोनों को काबू किया दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। सिविल अस्पताल रुड़की में उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सालय को पुलिस की टीमों ने पूरी तरह से घेर लिया है। हरिद्वार एसएसपी परमेंद्र डोभाल भी उन्हें देखने सिविल अस्पताल रुड़की पहुंचे व उन्होंने पुलिस की टीमों को दिशा निर्देश दिए।

**शिकायत लेकर आये...**स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में निर्माण कार्य चल रहा है। जहां 11 जून को मिट्टी लेकर आये एक डम्पर की चपेट में आकर पार्किंग में खड़ा फील्ड यूनिट का विभागीय वाहन संख्या यूके 07 जीए 1285 क्षतिग्रस्त हो गया। डम्पर स्वामी द्वारा वाहन की क्षतिपूर्ति न देने पर इसकी लिखित शिकायत लेकर बुधवार प्रात: विभाग का कर्मचारी कोतवाली पहुंचा और कोतवाल को मामले की विस्तार से जानकारी देनी चाही। परंतु जब कोतवाल ने उसकी शिकायत पर कोई तवज्जो नहीं दी तो कर्मचारी ने यह कह दिया कि यदि विभागीय कार्य आपसे नहीं हो सकता है तो क्या वह एसएसपी के पास चला जाये। उसका इतना कहना था कि कोतवाल पूरी तरह से बिफर पड़े और कर्मचारी को खूब खरी खोटी सुना दी। इसी दौरान वहीं खड़े एक मीडियाकर्मी दीपक शर्मा ने जब उनकी वीडियो बनानी शुरू की तो उसे देखते ही कोतवाल ने उस पर भी अपना रौब दिखाते हुए पास खड़े पुलिसकर्मी को उससे मोबाईल छीन लेने और बनाई गई वीडियों को डिलीट करने को कहा। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने मीडिया कर्मी का मोबाईल छीन लिया। मामले की जानकारी मिलते ही पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया। इधर विधि विज्ञान प्रयोगशाला के कर्मी ने कहा है कि वह इस प्रकरण की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को देंगे।

**पत्रकारो ने कोतवाल के खिलाफ...**डिलीट करने को कहा। दीपक का कहना है कि उसने किसी तरह कोतवाल से फोन मांगा तो कोतवाल ने उससे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये उसे बाहर जाने को कहा और दोबारा कोतवाली में आने से मना कर दिया। शिष्ट मण्डल ने एसपी सिटी से कहा कि न्यूज को कवर करना पत्रकारों का लोकतांत्रिक अधिकार है, इस तरह कोतवाल द्वारा दुर्व्यवहार करना निन्दनीय है। पत्रकारों की बात सुनने के बाद एसपी सिटी ने कहा कि कोतवाल द्वारा किया गया यह व्यवहार गलत है। वह इस सन्दर्भ में जांच करवायेंगे। शिष्टमण्डल में सन्दीप पाण्डे, भूपेश छिम्बाल,अमन सिंह, गोपाल भारती, मनीष बाबा, जमील अहमद, अर्जुन कुमार,राज कुमार शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, बबलू पाल, मुकेश, राम पाल धनकर,सत्यजीत, अन्नू सक्सेना, भानू, सूरज, ललित पाण्डे, संजीव, रणजीत, सुमित आदि पत्रकार मौजूद थे।

**साईकिल सवार पर..**पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत के साथ ही वन विभाग के खिलाफ रोष हैं। बता दें इससे पहले भी बाघ क्षेत्र में एक अन्य ग्रामीण को निवाला बना चुका है। पिछले कई दिनों से बाघ की इलाके में मौजूदगी से ग्रामीण पहले ही दशहत में थे अब बुजुर्ग पर हमले के बाद ग्रामीणों में दशहत और बढ़ गयी है। बताया जाता है कि बीती शाम चकरपुर पचौरिया आबादी इलाके में घरों के पीछे भी ग्रामीणों को बाघ दिखा था, ग्रामीणों ने आग जला कर बाघ को आबादी इलाके से जंगल की ओर भगाया था। सुबह होते ही इस बाघ ने प्लांटेशन शिव मंदिर इलाके में वृद्ध को मौत के घाट उताद दिया। आक्रोशित ग्रामीण बाघ नरभक्षी घोषित कर मारने की मांग कर रहे हैं।

**कैंटर की टक्कर से ..**घटनास्थल पर पहुंच गई और परिजनों से जानकारी ली। घटना स्थल से आरोपी चालक अपना वाहन संख्या यूके 06 सीए 0738 छोड़ मौके से फरार हो गया। बताया जाता है मृतक मुकेश यहां परिवार के साथ किराए पर रहता था और वह मूलरूप से ग्राम मुड़वारा थाना बहेड़ी बरेली का निवासी था। मृतक की दो पुत्रियां और एक पुत्र है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने वाहन अपने कब्जे में ले लिया है।

**प्लांट लगाने के नाम पर...**दीं। दस्तावेजों की पुष्टि की,तो पता चला पी. एन.आर. रेड्डी और अशोक रेड्डी ने झूठे चालान बनाये थे जिसमें एक इकाई की कीमत 1.35 करोड़ रुपये दिखायी गयी थी। जबकि वास्तविक कीमत 96 लाख रुपये (जीएसटी सहित) थी। प्लांट लगाने के नाम पर धनराशि स्थान्तरित कराकर फर्जी बिल/ दस्तावेज बनाकर कुल 80 लाख से अधिक की धोखाधडी की गयी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**फैक्ट्र के बाहर कर्मी...**अनूप शुक्ला पुत्र प्रेमसागर ने बताया आज प्रात: वह फैक्ट्री के बाहर खड़ा था इसी बीच उसके गांव के रहने वाले चार युवक वहां आये और उस पर चाकू डंडों से हमला कर दिया और उसका मोबाईल व जेब में रखे रूपये लूट कर ले गये। उधर पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राहगीरों को शरबत बांटकर कमाया पुण्य





किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में भीषण गर्मी के चलते जहां आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं धार्मिक कार्यों में लगे विभिन्न संगठनों द्वारा मीठे जल एवं चने का वितरण का कार्यक्रम लगातार जारी है। नगर के समाजसेवी एवं नगर व्यापार मंडल चुनाव समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल बाबा द्वारा रामेश्वर में अपने प्रतिष्ठान पर मीठे जल वितरण का कार्यक्रम रखा गया तथा आने जाने वाले राहगीरों को मीठे जल से राहत पहुंचकर कर पुण्य लाभ कमाने में लग रहे। यहां पर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण भी वे जल की व्यवस्था बहुत कम रहती है जिस वजह से समाजसेवी सतपाल बाबा द्वारा मीठे जल वितरण का कार्यक्रम निर्जला एकादशी के उपलक्ष में आयोजित कराया गया। वहीं पांडे क्षेत्र में समाजसेवी एवं सभासद पति जगरूप सिंह गोल्डी द्वारा मीठे जल का वितरण कराया गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर मीठे जल का वितरण कार्यक्रम जारी ह।इस अवसर पर मुख्य रूप से मीनाक्षी पैकेजिंग रामेश्वरपुर में मीठे जल की सेवा करने वालों में सतपाल गाबा के अलावा मनोज बाबा, मोहन बाबा, लाल मोर स्टॉप के कर्मचारियों सहित सेवा दी गई। इसके अलावा बंडिया में पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली, जगरूप सिंह गोल्डी, निवर्तमान सभासद सिमरनजीत कौर, अंकित बोरा, रमेश जोशी, सुरेंद्र कोहली ,गुलशन सिद्धि, सुनीता कश्यप, जसपाल बोरा, रंगून बोरा, राजेंद्र विर्क, जसवीर सिंह, रवि कुमार सिंह,संदीप सिंह ,लड्डू सिंह,शम्मी सिंह, अंकित, रमन बोरा, गुलशन, परमजीत सिंह, काके सिंह सहित सैकड़ों समाज सेवियों द्वारा सेवा दी गई है।

# डेरा दुख भंजन साहिब में लगाई मीठे शरबत की छबील







नानकमत्ता (उद संवाददाता)। कल्याणपुर स्थित डेरा बाबा श्री गुरु नानक दुख भंजन साहिब में विशाल छबील लगाई गई। डेरा के मुख्य सेवादार सुरजीत सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी से राहत हेतु आज सभी सेवादारों के सहयोग से मीठे शरबत की सेवा की गई है। जिसमें सर्वप्रथम अरदास की गई। उसके उपरांत जल वितरण किया गया जिसमें सभी आने जाने वाले वाहनों में सवार लोगों को जल वितरण किया गया। आस पास के लोगों ने भी जल वितरण की सेवा में अपना योगदान दिया। बाबा सुरजीत सिंह ने बताया कि हमारे सिख गुरुओं द्वारा मानव सेवा करना ही परमात्मा की सेवा करना बताया है। हम सभी को अपने गुरू के उपदेशों को मानते हुए ऐसी सेवाएं करनी चाहिए। वास्तव में मानव सेवा ईश्वर की सेवा है। उन्होंनें बताया कि उनका सौभाग्य है कि आज गुरुनानक देव जी डेरे के सेवादार ब्रह्मलीन बाबा अर्जुन सिंह जी की असीम कृपा से जल वितरण करने की सेवा करने का अवसर मिला है। जल सेवा करने से हमारा जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही डेरे की महिला, बच्चों, पुरुषों सेवादारों ने सेवा भाव के साथ बढ़-चढ़कर जल वितरण की सेवा करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर डेरा के सेवादार बाबा सुरजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जीत सिंह, भाई मंजीत सिंह जी अर्जुन सिंह, बलविंदर सिंह (शैरी)सिंह , भजन सिंह (चमक), चरणजीत सिंह , सतनाम सिंह, जसविंदर सिंह, लखविंदर सिंह, अमृत पाल, सुखदेव सिंह, दलीप सिंह, महेन्द्र सिंह, जोधा सिंह, गुरसेवक सिंह, सूरज सिंह,दिनेश गिरी गोस्वामी, राकेश गिरी गोस्वामी, लवली लक्खा, निर्मल सिंह, दिलराज सिंह ,मलकीत सिंह, बबीता रानी, मंजीत कौर, गुरप्रीत कौर, अमरजीत सिंह, परमजीत कौर एवं दूर दराज से आए अन्य सेवादार मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे फल



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय सरदार वल्लभ भाई पटेल स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद सभी मरीजों को फल वितरण कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जहां कांग्रेस पार्टी मजबूती से हुई है वही देश को एक मजबूत विपक्ष भी मिला है उन्होंने कहा कि हम यह कामना करते हैं कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी स्वस्थ रहें और उनकी दीर्घायु हो। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी सोनिया गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस दिनों दिन मजबूत होती जा रही है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी भूपेंद्र सिंह बबलू ,ओमप्रकाश दुआ, मिसवाल कुरैशी, नितिन शर्मा, अशोक मित्रा, बंटी पपनेजा, एन यू खान, विनोद मौर्य, राजेश राठौर आदि शामिल थे।

# हजारों की नगदी सहित सट्टेबाज किया गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस ने गस्त के दौरान वर्कशॉप रोड पर एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दीपक बिष्ट प्रभारी चौकी टीपी नगर व पुलिस टीम' द्वारा बीती रात टीपी नगर क्षेत्र में चेकिंग की गई। जिस दौरान पुलिस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर के अंदर वर्कशॉप लाइन में खाईबाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेश गुप्ता पुत्र राम मूर्ति गुप्ता निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से नगद 3070 रुपए वर अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि दीपक बिष्ट, प्रभारी चौकी टीपी नगर, हेड कानि. दिगम्बर सनवाल व कानि. अनिल टम्टा शामिल थे।

